<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय में एडवांस इन पॉलीमर मटेरियल पर दो–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित</u>

पंतनगर। 25 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा दो–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय 'एडवांस इन पॉलीमर मटेरियल' है। यह संगोष्ठी डिफेंस मटेरियलस एंड स्टोरस रिसर्च एंड डेवलपमेंट स्टेब्लिसमेंट (डीएमएसआरडीई), डीआरडीओ, कानपुर द्वारा वित्त पोषित है। संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के कुलपति डा. ओम प्रकाश सिंह नेगी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएमएसआरडीई, डीआरडीओ, कानपुर के निदेशक डा. मयंक द्विवेदी विशेष अतिथि के रूप में कार्यवाहक कुलपति एवं विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. दीपा विनय; विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डा. संदीप अरोरा एवं संगोष्ठी के संयोजक डा. एम.जी.एच. जैदी मंचासीन थे।

संगोष्ठी में अतिथियों द्वारा पालीमर मटेरियल के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डा. एम.जी.एच. जैदी ने संगोष्ठी के विषय के महत्व, समाज हित में पालीमर मटेरियल के अध्ययन की गहन आवश्यकता एवं उपयोगिता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह दो–दिवसीय संगोष्ठी पारंपरिक संगोष्ठियों से भिन्न है। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में स्कोपस तथा स्प्रिंगर यूके के विभिन्न शोध पत्रिकाओं में उच्चस्तरीय प्रकाशन हेतु 50 से अधिक शोध पत्रों का चयन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि संगोष्ठी आगामी भविष्य में शोधरत छात्रों तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत शिक्षकों की पदोन्नति में लाभदायक साबित होगी। संगोष्ठी में भारत के विभिन्न राज्यों के अतिरिक्त पड़ोसी देश नेपाल के प्रतिभागियों ने भी अपने शोध पत्र एवं पोस्टर प्रस्तुत किए। इस संगोष्ठी में विभिन्न राज्यों से आये 150 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी में अतिथियों द्वारा पुस्तकों का विमोचन किया गया। संगोष्ठी में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के नैनो साइंस सेंटर के निदेशक डा. अफसार अहमद के उत्कृष्ट शोध के फलस्वरूप उन्हें गेस्ट आफ ऑनर से सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में डीवेर हल्द्वानी के तथा सीफीज डीआरडीओ के वैज्ञानिकों ने भी उत्कृष्ट व्याख्यान दिए। संगोष्ठी का संचालन डा. जैदी एवं डा. समीना मेहताब द्वारा किया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के अधिकारी, विभागाध्यक्ष, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




*संगोष्ठी में पुस्तकों का विमोचन करते अतिथिगण।*